रंग रंगीला खाटू का मेला

रंग गुलाल की महके खुशबू मौसम रंग रंगीला,
लो आ गया मेला हो... लो आ गया मेला,
सज धज के मेरा सेठ सांवरा लगता छैल छबीला,
लो आ गया मेला हो... लो आ गया मेला....

लहराते श्याम ध्वजा है लगता है नज़ारा प्यारा,
हर तरफ सुनाई देता मेरे श्याम का ही जयकारा,
जिधर भी देखो हवा में उड़ता है रंग नीला पीला,
लो आ गया मेला हो... लो आ गया मेला....

मेरे श्याम के प्यार में पागल हो जग सारा मतवाला,
पैदल चलने वालों के संग चलता खाटूवाला,
छम छम घुँघरू पाँव के बजते टाप रखे जब लीला,
लो आ गया मेला हो... लो आ गया मेला....

रंगीन हुई भक्तों से देखो खाटू की गलियां,
बाबा संग खेलन होली उमड़ी है सारी दुनिया,
कुंदन श्याम का मंदिर प्रांगण सज के लगे सजीला,
लो आ गया मेला हो... लो आ गया मेला....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26498/title/rang-rangila-khatu-ka-mela

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |